प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 26.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– कांकेर जिले में आज छह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

2– खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की तैराक अनुष्का भगत ने जीता रजत पदक।

3– राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जेलों में बंदियों की मौत के मामले के साथ ही महासमुंद जिले में हुई रोप–वे दुर्घटना को संज्ञान में लेते हुए राज्य शासन को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी है।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई।

---

**माओवादी आत्मसमर्पण**

कांकेर जिले में आज छह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में राजनांदगांव–कांकेर बॉर्डर डिवीजन के पांच और मिलिट्री कंपनी का एक सदस्य शामिल हैं। इन माओवादियों ने तीन हथियार भी पुलिस को सौंपे हैं। इनमें थ्री नॉट थ्री रायफल और एसएलआर शामिल हैं।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बाकी बचे हुए माओवादियों से भी हिंसा का रास्ता त्यागकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है।

---

## मंत्रिमंडल–क्षेत्रीय संपर्क योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ''क्षेत्रीय सम्पर्क योजना – संशोधित'' उड़े देश का आम नागरिक – उड़ान योजना को अगले दस वर्ष की अवधि के लिए मंजूरी दे दी है। इस पर अट्ठाईस हजार आठ सौ चालीस करोड़ रुपये की लागत आएगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में बताया कि क्षेत्रीय सम्पर्क को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा अनुपयोगी हवाई पट्टियों पर सौ नए हवाई अड्डों का निर्माण किया जाएगा।

---

## दलहन–तिलहन–पंजीयन

''प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान'' के तहत दलहन–तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। इनमें अरहर, मूंग, उड़द मूंगफली, सोयाबीन के साथ ही चना, मसूर तथा सरसों को शामिल किया गया है। योजना के तहत किसान अपनी फसलों का पंजीयन इकतीस मार्च तक करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान ग्रामीण कृषि अधिकारी और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

---

## खाद्य सचिव–समीक्षा

खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज रायपुर में ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ता संस्थानों और प्रतिष्ठानों को विगत माह की कुल खपत के अधिकतम बीस प्रतिशत तक ही गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में पच्चीस दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में पैंतालीस दिनों के भीतर एलपीजी रिफिल की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

इस बीच, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटल और रेस्तरां को निर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लें।

---

## मानवाधिकार आयोग–बंदी मौत

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छत्तीसगढ़ की विभिन्न जेलों में पिछले चार वर्षों के दौरान दो सौ पचासी बंदियों की मौत के मामले को संज्ञान में लिया है। इस मामले में आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और जेल महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

वहीं, मानवाधिकार आयोग ने हाल ही में महासमुंद जिले में हुई रोपवे दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु और पंद्रह अन्य लोगों के घायल होने की घटना को भी संज्ञान में लिया है। इस संबंध में आयोग ने मुख्य सचिव और महासमुंद के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

---------------------------------------------------------------------

**महादेव सट्टा ऐप–संपत्ति कुर्क**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगभग एक हज़ार सात सौ करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है। ईडी के रायपुर जोनल कार्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सौरभ चंद्राकर की दुबई में अट्ठारह अचल संपत्तियां और नई दिल्ली में दो संपत्तियों को कुर्क किया गया है। इस मामले में अब तक तेरह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

---------------------------------------------------------------------

**रेलवे–रिफॉर्म एक्सप्रेस/जुर्माना**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि भारतीय रेल ने 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के तहत पांच नए सुधारों की घोषणा की है। इन नए सुधारों में से दो माल ढुलाई, एक निर्माण और दो यात्रियों की सुविधा से संबंधित हैं। नए सुधारों की मंजूरी के साथ ही वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए सुधारों की कुल संख्या नौ हो गई है।

इस बीच, रेलवे ने भोजन की गुणवत्ता में अनियमितता की शिकायत पर "इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन–आई.आर.सी.टी.सी." पर दस लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। वहीं, संबंधित सेवा प्रदाता पर पचास लाख रूपये का जुर्माना लगाते हुए अनुबंध को समाप्त करने के आदेश दिए हैं।

---------------------------------------------------------------------

**राज्यपाल–स्कूली बच्चे मुलाकात**

राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के प्रतिभावान स्कूली बच्चों ने मुलाकात की। इस मौके पर राज्यपाल ने सभी  बच्चों को पांच–पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। साथ ही इन बच्चों की सफलता में योगदान देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

---------------------------------------------------------------------

**विजय शर्मा–दंतेवाड़ा**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज दंतेवाड़ा स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से बातचीत कर उन्हें इलेक्ट्रिकल टूल किट और वेलकम किट का वितरण किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि पुनर्वास नीति का उद्देश्य पुनर्वासित माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है।

गौरतलब है कि इस पुनर्वास केंद्र में एक सौ सात युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं। यहां युवाओं को इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सिलाई और ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---------------------------------------------------------------------

**सीपीआर–नियुक्ति**

राज्य शासन ने आईएएस अधिकारी रजत बंसल को मुख्यमंत्री सचिवालय में विशेष सचिव के पद पर पदस्थ करते हुए आयुक्त जनसंपर्क के साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी संवाद और प्रबंध संचालक राज्य खनिज विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है।

रजत बंसल भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो हजार बारह बैच के अधिकारी हैं।

---------------------------------------------------------------------

**खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–01**

खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स के दूसरे दिन आज रायपुर में तैराकी, वेटलिफ्टिंग, हॉकी और फुटबॉल के मुकाबले हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के बीच आज फुटबॉल का पुरूष वर्ग में ग्रुप स्टेज मुकाबला खेला गया। यह मैच एक–एक गोल से ड्रॉ रहा।

वहीं, तैराकी की दो सौ मीटर पुरूष वर्ग की स्पर्धा में कर्नाटक के मणिकांता एल. ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, महिला तैराकी की दो सौ मीटर स्पर्धा में ओडिशा की अंजलि मुंडा ने स्वर्ण पदक और छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत ने रजत पदक जीता है। यह अनुष्का भगत का दूसरा पदक है।

अनुष्का भगत ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए अपनी सफलता को श्रेय अपने कोच गोपी सुभाष को दिया है।

पदक तालिका में कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ शीर्ष स्थान पर है। जबकि, ओडिशा तीन स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है।

इससे पहले, प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का शुभारंभ कल शाम रायपुर में आयोजित एक समारोह में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया थे। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स अब से हर साल छत्तीसगढ़ में ही होंगे।

---

**<u>खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–02</u>**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को नई दिशा मिल रही है और 'ट्राइबल गेम्स' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

तीन अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के तहत सात खेलों की स्पर्धाएं हो रही हैं। इसके अलावा दो खेलों को डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया है।

---

**<u>बिलासपुर–बर्ड फ्लू</u>**

बिलासपुर के कोनी स्थित पोल्ट्री फार्म में बर्ड–फ्लू से पांच हजार मुर्गियां की मौत के बाद दस किलोमीटर के दायरे में बाईस हजार से अधिक पक्षी और पच्चीस हजार अंडे नष्ट किए गए हैं। वहीं, एहतियात

के तौर पर पच्चीस मार्च से सात दिनों के लिए कानन पेंडारी चिड़ियाघर बंद कर दिया गया है। इस बीच, नगर निगम ने चिकन और अंडे की बिक्री पर रोक लगा दी है।

---------------------------------------------------------------------

**अग्निवीर भर्ती–आवेदन**

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए इन दिनों ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक उम्मीदवार एक अप्रैल तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। मुंगेली के जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के तहत जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमेन के साथ ही सेना पुलिस, स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

---------------------------------------------------------------------

**अष्टमी/रामनवमीं**

आज चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी है। आज के दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। राजधानी रायपुर सहित राज्य की सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में हवन, पूजन और धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। आज सुबह से ही शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। वहीं, कुछ स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

कल रामनवमीं पर ज्योति कलश और जंवारे का विसर्जन किया जाएगा।

---------------------------------------------------------------------

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से मध्य छत्तीसगढ़ रहेगा।